वीबीजी रामजी से

# ग्रामीण रोजगार बनेगा विकास का साधन : प्रभारी मंत्री



पारित हुए अधिनियम को लेकर प्रेसवार्ता में मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 20 जनवरी।** ग्रामीण रोजगार को सतत विकास का साधन और मजदूरों के समग्र विकास के संकल्प को पूरा करने में वीबी जी रामजी अधिनियम मील का पत्थर साबित होगा। इस अधिनियम से ग्रामीण भारत को नई ताकत मिलेगी और भ्रष्टाचार पर सख्ती से लगाम लगाई जा सकेगी।

यह बात मप्र के राजस्व मंत्री एवं मुरैना जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा ने कही। श्री वर्मा, मंगलवार को मीडियाकर्मियों से चर्चा कर रहे थे। प्रेसवार्ता में उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, वीबी जी रामजी अधिनियम के जिला प्रभारी बृजकिशोर डंडौतिया, सह प्रभारी राजीव कंषाना, भाजपा जिला महामंत्री सोनू परमार, सुनील जाटव, जिला मंत्री साधु सिंह राठौर, राजेश सिकरवार, मीडिया प्रभारी दिलीप डंडौतिया उपस्थित थे। प्रेसवार्ता में मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि वृद्धिशील सुधार के बजाय संरचनात्मक बदलाव की आवश्यकता को समझते हुए एनडीए सरकार ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण गारंटी अधिनियम (वीबी जी रामजी) को लागू किया है। यह अधिनियम विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि लागू होने के बाद से अब तक मनरेगा योजना में सरकार की ओर से 11 लाख 74 हजार करोड़ रूपये खर्च किए गए है। जिनमें 8 लाख 53 हजार करोड़ रूपये नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में खर्चे गए है। मनरेगा योजना से महात्मा गांधी के नाम हटाए जाने के सवाल पर मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि 1980 में तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने जिसे राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम का नाम दिया था। राजीव गांधी सरकार ने इसका नाम जवाहर रोजगार योजना किया तो वहीं 2004 में मनमोहन सिंह की सरकार ने बदलकर मनरेगा कर दिया।

**मनरेगा की अपेक्षा 25 फीसदी ज्यादा मिलेगा रोजगार :** मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीणों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराती थी। वीबी जी रामजी अधिनियम के अनुसार अब ग्रामीणों को 125 दिन रोजगार मिलने की गारंटी दी गई है। वहीं इस अधिनियम में अनुसूचित जनजाति वर्ग के कामगारों के लिए अतिरिक्त 25 दिन मजदूरी का प्रावधान भी शामिल किया गया है।

**7 दिन में भुगतान, बुआई, कटाई के सीजन में 60 दिन बंद रहेगा काम :** प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि वीबी जी रामजी अधिनियम में भुगतान के लिए 7 दिन की अवधि निश्चित की गई है। जो पहले मनरेगा में 15 दिन थी। नए अधिनियम में ग्रामीण क्षेत्र में फसलों की बुआई एवं कटाई के सीजन में मजदूरों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए 60 दिन मजदूरी का काम बंद रखने का प्रावधान रखा गया है।

### विपक्ष से डरे प्रभारी मंत्री, ज्ञापन लेने से पूर्व हुए रवाना : कंषाना

**मुरैना, 20 जनवरी।** वीबी जी रामजी अधिनियम के संबंध में आयोजित प्रेसवार्ता में पहुंचें जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा जनसमस्याओं को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष विनीत कंषाना के नेतृत्व में पहुंचें कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ज्ञापन लिए बगैर ही रवाना हो गए। इसे लेकर नेता प्रतिपक्ष विनीत कंषाना ने कहा है कि प्रभारी मंत्री विपक्ष से डर गए है, यही वजह रही कि उन्होंने जनसमस्याओं को सुनने के बजाय निकलना मुनासिब समझा। नेता प्रतिपक्ष नगर निगम विनीत कंषाना ने शहरी क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन देने के लिए प्रभारी मंत्री से समय लिया था। कांग्रेस कार्यकर्ता निर्धारित समय पर रेस्ट हाऊस पर मौजूद थे। लेकिन प्रभारी मंत्री ने जनसमस्याओं को सुनना उचित नहीं समझा, हमलावर विपक्ष के डर से वे भाग खड़े हुए। श्री कंसाना ने बताया कि नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। वार्डवासी बिजली, पानी, सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे है। नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी मनमानी कर रहे है। निर्माण कार्यों के नाम पर नगर निगम में भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। भवन निर्माण के लिए अनुमति चाहने वालों से मनमाना सुविधा शुल्क वसूला जा रहा है।

# घूमने निकला था वृद्ध, ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 20 जनवरी।** सोमवार को सिविल लाईन थाना पुलिस द्वारा क्वारी नदी के रेलवे पुल के नीचे से बरामद किए गए शव की पहचान नंदेपुरा-शिकारपुर रोड पर स्थित कृष्णा विहार कॉलोनी में रहने वाले बुजुर्ग भरत सिंह जादौन 75 पुत्र गुलाब सिंह जादौन के रूप में हुई है। परिजन का कहना है कि रोजाना की तरह भरत सिंह घर से घूमने निकले थे, संभवत: रेलवे ट्रेक किनारे जाते समय ट्रेन की चपेट में आ गए होंगे।

यहां बताना होगा कि सिविल लाईन पुलिस ने सोमवार को अज्ञात बुजुर्ग का शव क्वारी नदी के रेलवे पुल के नीचे से बरामद किया था। शिनाख्त न होने पर शव को डैड हाऊस में रखवाया गया था। मंगलवार को डैड हाऊस पहुंचें लोगों ने उनकी शिनाख्त भरत सिंह जादौन के रूप में की। परिजन का कहना था कि दोपहर तक भरत सिंह के घर न पहुंचनें पर वे उनकी तलाश कर रहे थे, सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें शव मिलने की सूचना मिली, तब वे मंगलवार को डैड हाऊस पहुंचें। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। मर्ग कायम किया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

**मुरैना, 20 जनवरी।** जीआरपी मुरैना ने मंगलवार को मुरैना-सिकरोदा खंड के बीच सिग्नल बस्ती के पास तीसरी लाईन से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। रेलवे गैंगमेन ने जीआरपी को सूचना दी थी कि खंबा नंबर-1263/20 के पास अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना दी। जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचें और शव को डैड हाऊस पहुंचाया। जीआरपी के अनुसार युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से होना प्रतीत हो रही है। मृतक की आयु तकरीबन 30-35 वर्ष रही होगी। उसका कद 5 फीट पांच इंच बताया गया है। मृतक के चेहरे पर घनी दाड़ी और मूंछें है, उसने शरीर पर सफेद रंग का स्वेटर, अंदर आर्मी के रंग वाली बनियान और नीले रंग की जींस पहनी हुई थी। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को डैड हाऊस में रखवाकर उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए है।



## एक नजर में

### पानी की मोटर से युवक को करंट लगा, इलाज के दौरान मौत



**मुरैना, 20 जनवरी।** दिमनी थाना क्षेत्र के सिरमिती गांव में मंगलवार को एक युवक की पानी की मोटर से निकले करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बॉबी उर्फ गौरव शर्मा 24 पुत्र धर्मेन्द्र शर्मा निवासी सिरमिती मंगलवार की दोपहर जब अपने घर पर था। तभी नहाने के लिए उसने पानी की मोटर को चालू करने की कोशिश की, इसी दौरान उसे करंट का जोरदार झटका लगा और वह अचेत हो गया। वहां मौजूद परिवारीजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजन को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि गौरव की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी। कुछ ही दिनों पहले उसकी पत्नी ने पुत्री को जन्म दिया था।

### पेट्रोलपंप कर्मचारी पर फायरिंग करने वाले छोटू-सत्ते गिरफ्तार



**मुरैना।** नगरा थाना क्षेत्र में 19 जनवरी को पेट्रोलपंप कर्मचारी राकेश सिंह तोमर पुत्र होमसिंह तोमर निवासी कीचौल पर शराब के लिए रूपये न देने पर फायरिंग करने वाले छोटू उर्फ दिलीप तोमर और सत्ते उर्फ सतेन्द्र गुर्जर को पुलिस ने 20 जनवरी को दबोच लिया। दोनों आरोपी घटना के बाद से ही फरार बने हुए थे। नगरा पुलिस ने घटना को लेकर रंगदारी, मारपीट और फायरिंग की धाराओं के तहत अपराध क्रं. 05/26 दर्ज किया था। पतारसी के दौरान पुलिस टीम ने मंगलवार को भदावली नहर की पुलिया के पास से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा, एक जिंदा राउण्ड और एक खाली खोखा बरामद किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी एसआई सुखदेव चौहान, प्र.आर. मधुराज भदौरिया, धीरज सिंह, आर. गोविंद सिंह भदौरिया, राजकुमार, वीर सिंह, आर. चालक घनेन्द्र जाट शामिल थे।



### जेसीबी मशीन ने बाइक को टक्कर मारी, 2 युवक जख्मी

**मुरैना।** माताबसैया थाना क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर एक जेसीबी मशीन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। जिससे वे दोनों जख्मी हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा कुतवार गांव के चौराहे के निकट होना बताया गया है। जानकारी के अनुसार सिविल लाईन थाना क्षेत्र के ग्राम फद्दी का पुरा निवासी धर्मवीर कुशवाह 19 पुत्र राकेश कुशवाह जेसीबी मशीन का ड्राईवर है, धर्मवीर इन दिनों माताबसैया क्षेत्र में टेलीकॉम कंपनी की लाईन बिछाने के काम में जेसीबी मशीन चला रहा है। मंगलवार को जौरा क्षेत्र के ग्राम अरूआ बघौराखुर्द निवासी जितेन्द्र कुशवाह 25 पुत्र हरीसिंह कुशवाह के साथ धर्मवीर बाइक पर सवार होकर कुतवार गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान चौराहे पर जेसीबी मशीन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वे दोनों जख्मी हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### स्कूली बच्चों को बताए ट्रैफिक रूल्स, कहा सजग-जागरुक बने

**मुरैना।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए जा रहे यातायात जागरुकता माह-2026 के तहत 20 जनवरी को संजय कॉलोनी स्थित एक अशासकीय विद्यालय में यातायात जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 150 छात्र-छात्राओं के साथ शैक्षणिक स्टाफ और मैनेजमेंट स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी संतोष सिंह भदौरिया ने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनने, रॉन्ग साइड वाहन न चलाने, सड़क सुरक्षा, राहवीर योजना और गोल्डन ऑवर आदि विषयों के संबंध में विस्तार से समझाया। उन्होंने बच्चों को यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियानों से अवगत कराया और सजग एवं जागरुक रहने की अपील की।

### अतिक्रमण हटाने के लिए दिए आवेदन

**सबलगढ़, 20 जनवरी।** आज एस डी एम मेघा तिवारी द्वारा की जा रही जन सुनवाई में भाजपा नेता पदम सिंह जादौन द्वारा शासकीय जमीनों पर किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर आवेदन दिए कुछ दबंगों द्वारा नहर 2 एल की शाखा 1 एल की शासकीय जमीन को खोदकर खेत बना दिए गए हैं जिससे ग्राम गुरेमा ओर कल्याणपुर के किसानों की 500 बीघा जमीन असिंचित रह जाती है उस जमीन पर रामसेवक रामबीर रामोतार राजकुमार बढ़ई केशव मोहन गिर्राज माखन उमेश कुमार रामभजन रतिराम बढ़ई द्वारा कब्जा कर लिया गया है किसानों को अपनी फसलों के लिए पलेवा के लिए नहर का पानी नहीं मिल पा रहा है ओर किसानों को सिंचाई विभाग के लिए कर देना पड़ रहा है उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द नहर की शासकीय जमीन से कब्जा हटवाया जाए वहीं इसी प्रकार सुनेहरा में सर्वे क्रमांक 325 ,294, 301, में नहर के पास शासकीय जमीन को समतल कर उस पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है।






# समाज में सकारात्मक परिवर्तन से सशक्त होगा राष्ट्र : गोयल

शहर की गांधी बस्ती व कोलुआ मंडल में हुआ हिंदू सम्मेलनों का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 20 जनवरी।** नगर की गांधी बस्ती में मंगलवार को विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन गांधी मैरिज होम में किया गया। जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई। सम्मेलन के दौरान पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन स्व-बोध एवं समाज परिवर्तन में मातृशक्ति की भूमिका एवं नारी सशक्तीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। सुषमा गोयल ने मातृशक्ति और नारी सशक्तीकरण पर कहा कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता रामजी गुप्ता मौजूद रहे।

**जौरा में कलश यात्रा के लिए मातृशक्ति को दिया आमंत्रण :** शहर में आगामी विराट हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत होने वाली कलश यात्रा के निमित्त हिंदू सम्मेलन संचालन समिति द्वारा सघन आमंत्रण अभियान चलाया गया। इस क्रम में शहर के वार्ड-7 एवं मुख्य बाजार क्षेत्र में मातृशक्ति को आमंत्रित करने हेतु नारियल वितरण किया गया। संचालन समिति ने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और आगामी दिनों में करीब पांच हजार महिलाओं को नारियल भेंट कर कलश यात्रा व सम्मेलन में सहभागिता हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

यहां बता दें कि 25 जनवरी को सुबह 10 बजे एसएएफ ग्राउंड से कलश यात्रा प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। आमंत्रण अभियान में समिति की सह संयोजिका अनन्या सिकरवार, आयुषी शर्मा, हिमानी जाटव, शिवानी जाटव सहित अभिषेक गोस्वामी, ध्रुव शाक्य, रवीना जाटव, मुस्कान शाक्य, दिनेश गर्ग, गोलू श्रीवास्तव, गट्टा शिवहरे मौजूद रहीं।



### अंबाह के कोलुआ मंडल में विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित

कोल्हुआ मंडल में विशाल हिंदू सम्मेलन मंगलवार को हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता तिलकराज दांगी क्षेत्र संगठन मंत्री, वनवासी कल्याण परिषद ने हिंदू समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक मूल्यों एवं सामाजिक दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन के दौरान बाबा बालकदास महाराज ने उपस्थित जनसमूह को आशीर्वचन प्रदान किए।

# कब्जा किए बैठा है किरायेदार, 3 महीने से नहीं दिया किराया?

बुजुर्ग महिला ने जनसुनवाई में की फरियाद, कलेक्ट्रेट में पहुंचें 359 आवेदक, चंबल कमिश्नर ने 24 लोगों की सुनी समस्याएं





**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/सबलगढ़, 20 जनवरी।** सबलगढ़ थाने में कार्यरत प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटर प्रदीप कुशवाह मेरे मकान में किराए से रहता है। वो मेरे मकान पर कब्जा कर बैठ गया है, विगत तीन महीने से उसने मुझे किराए की राशि का भी भुगतान नहीं किया है।

यह बात कस्बा सबलगढ़ नगर की पालपुर कॉलोनी निवासी बुर्जुग श्रीमती मिथलेश शर्मा पत्नी स्व. रामदीन शर्मा ने मंगलवार को जनसुनवाई में कही। वृद्ध महिला ने कहा कि थाना प्रभारी को शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तब वे मुरैना एसपी ऑफिस पहुंचीं शिकायत की, महिला डीएसपी ने थाना प्रभारी सबलगढ़ को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

**टुड़ीला में अतिक्रमण के चलते जलभराव, परेशान हो रहे ग्रामीण :** जौरा क्षेत्र के टुड़ीला गांव से आए लोगों ने जनसुनवाई में जिपं सीईओ को ज्ञापन देकर बताया कि उनके गांव में लोगों ने आम रास्ते पर कब्जा कर लिया है और नालियों का गंदा पानी सड़क पर भर रहा, जिसकी वजह से पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। इसलिए अतिक्रमण को हटाकर रास्ते से जलभराव खत्म करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए।

**भाई की हत्या में फरार आरोपियों के तोड़े जाएं मकान :** नूराबाद क्षेत्र के जरदान सिंह का पुरा निवासी गजेंद्र उर्फबंटी गुर्जर ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि ब्लॉक का पुरा जौरा में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के विवाद में आरोपी अनिल गुर्जर, सुनील गुर्जर, नरेंद्र व राजवीर गुर्जर आदि ने मेरे भाई टिंकू गुर्जर की हत्या कर दी थी। इस मामले में अनिल गुर्जर वगैरह फरार चल रहे हैं जो समय-समय पर हमारे परिवार को राजीनामा करने के लिए धमकियां दे रहे हैं, जिससे हमारा परिवार दहशत में जी रहा है। इसलिए फरार आरोपियों के मकान तोड़े जाएं, जिससे उनके ऊपर गिरफ्तारी का दबाव बढ़े।

**साहब! मेरी पत्नी को आरोपी के चंगुल से मुक्त कराओ :** दिमनी के बड़राकी-बघपुरा से आए ग्रामीण मंशाराम पुत्र ओछेसिंह ने जनसुनवाई में आवेदन देकर शिकायत की है कि मेरी पत्नी राधा बघेल को गांव में ही रहने वाला रामबृज पुत्र रामदास बहला-फुसलाकर ले गया है, जिसकी गुमशुदगी भी दिमनी थाने में दर्ज है। घटना 28 जनवरी की है लेकिन पुलिस ने अभी तक न तो मेरी पत्नी को बरामद किया है न आरोपियों को गिरफ्तार कर पाई है।

**सचिव, जीआरएस ने 3 हजार रुपए ले लिए, पीएम आवास मिला नहीं :** जौरा के रंछोरपुरा निवासी पवन कुमार सिकरवार ने जनसुनवाई में शिकायत करके बताया कि उसने पीएम आवास के लिए फॉर्म भरा था। आवास आवंटित करने के एवज में पंचायत सचिव भानु कड़ेरा और ग्राम रोजगार सहायक गजेंद्र धाकड़ ने तीन हजार रुपए ले लिए लेकिन आज तक आवास आवंटन सूची में नाम तक नहीं आया है। इसलिए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर मुझे आवास प्रदान किया जाए।

### कलेक्ट्रेट में 359, संभागायुक्त भवन में 24 आवेदक पहुंचे

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, जिपं सीईओ कमलेश भार्गव ने 359 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। अधिकांश आवेदनों में से अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। वही चंबल भवन में आयुक्त सुरेश कुमार ने भी 24 आवेदकों की विभिन्न समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। प्राप्त आवेदनों में पुलिस, भूमि विवाद, नामांतरण, अतिक्रमण, सहायता एवं अन्य विभागीय विषयों से संबंधित प्रकरण सम्मिलित थे। आयुक्त ने सभी आवेदनों को संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ सुना तथा प्रत्येक प्रकरण की संक्षिप्त जानकारी प्राप्त की।

# बूथ भ्रमण कर संगठन को दी नई ऊर्जा

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़,1 8 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल सबलगढ़ द्वारा संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मण्डल अध्यक्ष बसंत बंसल के कुशल नेतृत्व में नगर क्षेत्र के विभिन्न बूथों का व्यापक भ्रमण किया गया इस दौरान संगठन की जमीनी मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता एवं आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर गहन चर्चा की गई

करीवन 20 बूथों पर पैदल भ्रमण किया गया इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे मण्डल अध्यक्ष बसंत बंसल ने बूथ स्तर पर कार्यरत कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें संगठन की रीढ़ बताते हुए निरंतर सक्रियता अनुशासन एवं जनसेवा के भाव से कार्य करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की आधारशिला होते हैं, और भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में बूथ कार्यकर्ताओं की भूमिका सर्वोपरि है। आरडी सिंह जादौन धर्म सिंह जादौन पवन राठौर दीपक खटीक रामप्रताप सिंह जादौन डॉ राजेश गौड़ सिंगरौल शिवेन्द्र सोनी महेन्द्र प्रताप सिंह जादौन अजय शर्मा पुरुषोत्तम सोनी अरविन्द मंगल सूरज खा प्रदीप बित्तल विनय खटीक एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए।



# बागचीनी के तिहरे हत्याकांड में 3 दोषियों को आजीवन कैद

गोली मारकर की थी पत्नी, साली और साले की हत्या

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 20 जनवरी।** पारिवारिक क्लेश के चलते पत्नी, साली और साले की गोली मारकर हत्या करने वाले तीन आरोपियों को आजीवन कारावास और 10-10 हजार के जुर्माने से दंडित किया है।

जौरा न्यायालय के एडीपीओ/मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह सिकरवार ने बताया कि 20 अगस्त 2023 को त्रिलोक उर्फ प्रयाग सिंह व उसकी पत्नी राखी के बीच मारपीट हो गई थी। विवाद को सुलझाने के लिए साला शिवराज सिंह, साली राखी व जूली पत्नी हरेंद्र सिकरवार अपने जीजा त्रिलोक सिंह के गांव जा रहे थे, त्रिलोक ने रास्ते में तीनों को घेर लिया और कट्टों से गोलियां चलाईं, गोली लगने से शिवराज व राखी ने दम तोड़ दिया। वहीं जूली की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के वक्त जूली का पति हरेंद्र सिंह पुत्र शिवनाथ सिकरवार मौके पर ही था। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शी हरेंद्र सिंह की रिपोर्ट पर आरोपी त्रिलोक उर्फ प्रयागसिंह, उसके भाई भोला उर्फ विशंभर सिंह व हेमसिंह और हेमू के विरुद्ध हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने सुनवाई करते हुए तीनों आरोपियों को हत्या का दोषी मानते हुए सश्रम आजीवन कारावास और 10-10 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किए जाने का फैसला सुनाया है।

**कार्यालय,म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**

क्रमांक-131...मुरैना दिनांक-20/01/2026

**सार्वजनिक सूचना**

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रं. एलआईजी प्रथम-408 मयूरवन कॉलोनी मुरैना जो कि श्रीमती कुसुम तोमर पत्नी श्रील बुद्धसिंह तोमर के नाम आवंटित किया गया था, इनके द्वारा उक्त भवन क्रं. एलआईजी प्रथम-408 श्री सतेन्द्र सिंह पुत्र श्री होतम सिंह के नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है. जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी.

**सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल**
**संभाग-मुरैना म.प्र.**